सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	चैत्र 07, शुक्रवार, *शाके* 1947- मार्च 28, 2025 *Chaitra 07, Friday, Saka 1947- March 28, 2025*	

भाग-4(क)

राजस्थान विधान मण्डल के अधिनियम।

विधि (विधायी प्रारूपण) विभाग

(ग्रुप-2)

अधिसूचना

जयपुर, मार्च 27, 2025

संख्या प.2(8)विधि/2/2025.- राजस्थान राज्य विधान-मण्डल का निम्नांकित अधिनियम, जिसे राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 25 मार्च, 2025 को प्राप्त हुई, एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है:-

राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2025

(2025 का अधिनियम संख्यांक 4)

(राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 25 मार्च, 2025 को प्राप्त हुई)

राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 को और संशोधित करने के लिए अधिनियम।

भारत गणराज्य के छिहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.-(1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) अधिनियम, 2025 है।

(2) इस अधिनियम की धारा 6, 30, 35 और 37, दिनांक 27 सितम्बर, 2024 को और से प्रवृत्त हुई समझी जायेंगी और शेष धारायें दिनांक 1 नवंबर, 2024 को और से प्रवृत्त हुई समझी जायेंगी।

2. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 9 का संशोधन.- राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9), जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 9 की उप-धारा (1) में विद्यमान अभिव्यक्ति "मानवीय उपभोग के लिए मद्यसारिक पान" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति, "के प्रदाय" से पूर्व अभिव्यक्ति "और अविकृतिकृत अतिरिक्त निष्प्रभावी मद्यसारिक या परिशोधित स्प्रिट, जो मानवीय उपभोग के लिए मद्यसारिक पान के विनिर्माण के लिए प्रयुक्त किया जाता है," अन्त:स्थापित की जायेगी।

3. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 10 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 10 की उप-धारा (5) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के उपबंध" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अन्त:स्थापित की जायेगी।

4. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 में नई धारा-11क का अंत:स्थापन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 11 के पश्चात् निम्नलिखित नयी धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"11क. साधारण चलन के परिणामस्वरूप उद्गृहीत नहीं किये गये या कम उद्गृहीत किये गये माल और सेवा कर की वसूली नहीं करने की शक्ति.- इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि सरकार का यह समाधान हो जाता है कि-

(क) माल या सेवाओं या दोनों के किसी प्रदाय पर राज्य कर के उद्ग्रहण (उसके गैर-उद्ग्रहण सहित) के संबंध में कोई चलन साधारणतया प्रचलित था या है; और

(ख) ऐसे प्रदाय जो, निम्नलिखित के लिए दायी थे या हैं,-

(i) उन मामलों में, जहां उक्त चलन के अनुसार, राज्य कर उद्गृहीत नहीं किया गया था या उद्गृहीत नहीं किया जा रहा है, राज्य कर, या

(ii) राज्य कर की ऐसी रकम, जिसे उक्त चलन के अनुसार उद्गृहीत किया जा रहा था या किया जा रहा है, से उच्चतर रकम है,

तो राज्य सरकार, परिषद् की सिफारिश पर, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, यह निदेश दे सकेगी कि ऐसे प्रदायों पर संदेय संपूर्ण राज्य कर या, यथास्थिति, ऐसे प्रदायों पर संदेय राज्य कर के आधिक्य में राज्य कर, यदि उक्त चलन नहीं होता तो, उन प्रदायों के संबंध में संदत्त किया जाना अपेक्षित नहीं होगा, जिन पर राज्य कर, उक्त चलन के अनुसार, उद्गृहीत नहीं किया गया था या उद्गृहीत नहीं किया जा रहा है, या कम उद्गृहीत किया गया था या कम उद्गृहीत किया जा रहा है।"।

5. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 13 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (3) में,-

(i) खण्ड (ख) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "प्रदायकर्ता द्वारा" के स्थान पर अभिव्यक्ति "उस दशा में, जहां बीजक प्रदायकर्ता द्वारा जारी किया जाना अपेक्षित है, प्रदायकर्ता द्वारा" और विद्यमान खण्ड (ख) के अंत में आये विराम चिह्न ":" के स्थान पर अभिव्यक्ति "; या" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) इस प्रकार संशोधित खण्ड (ख) के पश्चात्, निम्नलिखित नया खण्ड अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(ग) उस दशा में जहां, बीजक, प्राप्तिकर्ता द्वारा जारी किया जाना है, वहां प्राप्तिकर्ता द्वारा बीजक जारी किये जाने की तारीख:";

(iii) प्रथम परन्तुक में, विद्यमान अभिव्यक्ति "खण्ड (क) या खण्ड (ख)" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या खण्ड (ग)" अंत:स्थापित की जायेगी।

6. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 16 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 16 की उप-धारा (4) के पश्चात् निम्नलिखित नयी उप-धाराएं अंत:स्थापित की जायेंगी और 1 जुलाई, 2017 से अंत:स्थापित की हुई समझी जायेंगी, अर्थात्:-

"(5) उप-धारा (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21 से संबंधित माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के लिए किसी बीजक या नामे नोट के संबंध में, धारा 39 के अधीन किसी विवरणी में, जिसे 30 नवंबर, 2021 तक फाइल किया गया है, इनपुट कर प्रत्यय लेने का हकदार होगा।

(6) जहां किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति का रजिस्ट्रीकरण, धारा 29 के अधीन रद्द किया जाता है और तत्पश्चात् या तो धारा 30 के अधीन किसी आदेश द्वारा या अपील प्राधिकारी या अपील अधिकरण या न्यायालय द्वारा दिये गये किसी आदेश के अनुसरण में, रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण का प्रतिसंहरण किया जाता है और जहां बीजक या नामे नोट के संबंध में, इनपुट कर प्रत्यय का लाभ रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के आदेश की तारीख को उप-धारा (4) के अधीन निर्बंधित नहीं था, वहां उक्त व्यक्ति, धारा 39 के अधीन ऐसी विवरणी में माल या सेवाओं या दोनों के प्रदाय के लिए ऐसे बीजक या नामें नोट के संबंध में इनपुट कर प्रत्यय लेने का हकदार होगा, जहां कि ,-

(i) उस वित्तीय वर्ष के पश्चात् आने वाले 30 नवम्बर, जिससे ऐसा बीजक या नामे नोट संबंधित है या सुसंगत वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने तक, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, फाइल की जाती है; या

(ii) रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण की तारीख से, या यथास्थिति, रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण की प्रभावी तारीख से उस कालावधि के लिए, रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के प्रतिसंहरण के आदेश की तारीख तक, जहां ऐसी विवरणी रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण के प्रतिसंहरण के आदेश की तारीख से तीस दिवस के भीतर, फाइल की जाती है,

इनमें से जो भी पश्चात्वर्ती हो।"।

7. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 17 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 17 की उप-धारा (5) के खण्ड (झ) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 74, धारा 129 और धारा 130" के स्थान पर अभिव्यक्ति "वित्तीय वर्ष 2023-24 तक किसी कालावधि के संबंध में धारा 74" प्रतिस्थापित की जायेगी।

8. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 21 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 21 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के उपबंध" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

9. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 30 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 30 में,-

(क) उप-धारा (2) के परन्तुक के अंत में आये विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा;

(ख) इस प्रकार संशोधित उक्त परन्तुक के पश्चात् निम्नलिखित नया परन्तुक अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"परन्तु यह और कि ऐसे रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण का प्रतिसंहरण, ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन होगा, जो विहित की जायें।"।

10. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 31 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 31 की उप-धारा (3) में,-

(क) विद्यमान खण्ड (च) में विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "कर संदत्त" से पूर्व अभिव्यक्ति "ऐसी कालावधि के भीतर जो विहित की जाये" अंत:स्थापित की जायेगी;

(ख) विद्यमान खण्ड (छ) के पश्चात् निम्नलिखित नया स्पष्टीकरण अंत:स्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"**स्पष्टीकरण.**- खण्ड (च) के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति "प्रदायकर्ता, जो रजिस्ट्रीकृत नहीं है" के अंतर्गत ऐसा प्रदायकर्ता सम्मिलित होगा, जो केवल धारा 51 के अधीन कर की कटौती के प्रयोजन के लिए रजिस्ट्रीकृत है।"।

11. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 35 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 35 की उप-धारा (6) में विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के उपबंध" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

12. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 39 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 39 की उप-धारा (3) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(3) धारा 51 के अधीन, स्रोत पर कर की कटौती करने के लिए अपेक्षित प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, प्रत्येक कलैंडर मास के लिए, मास के दौरान की गयी कटौतियों की एक विवरणी, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाये, इलेक्ट्रानिक रूप में देगा:

परन्तु उक्त रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति, प्रत्येक कलैंडर मास के लिए, चाहे उक्त मास के दौरान कोई कटौतियां की गयी हों या नहीं, एक विवरणी देगा।"।

13. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 49 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 49 की उप-धारा (8) के खण्ड (ग) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

14. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 50 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 50 की उप-धारा (1) के परन्तुक में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

15. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 51 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 51 की उप-धारा (7) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "में विनिर्दिष्ट रीति" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

16. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 54 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 54 में,-

(क) उप-धारा (3) में, विद्यमान द्वितीय परन्तुक हटाया जायेगा;

(ख) विद्यमान उप-धारा (14) के पश्चात् और विद्यमान **स्पष्टीकरण** से पूर्व, निम्नलिखित नयी उप-धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"(15) इस धारा में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, माल के शून्य दर प्रदाय के मद्दे अनुपयोजित इनपुट कर प्रत्यय या माल के शून्य दर प्रदाय के मद्दे संदत्त एकीकृत कर का कोई प्रतिदाय अनुज्ञात नहीं किया जायेगा, जहां ऐसे माल का शून्य दर प्रदाय निर्यात शुल्क के अध्यधीन हैं।"।

17. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 61 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 61 की उप-धारा (3) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

18. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 62 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 62 की उप-धारा (1) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "में अंतर्विष्ट" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

19. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 63 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 63 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "में अंतर्विष्ट" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

20. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 64 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 64 की उप-धारा (2) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "में अधिकथित प्रक्रिया" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

21. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 65 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 65 की उप-धारा (7) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

22. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 66 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 66 की उप-धारा (6) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 73 या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंत:स्थापित की जायेगी।

23. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 70 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 70 की विद्यमान उप-धारा (1) के पश्चात और विद्यमान उप-धारा (2) से पूर्व, निम्नलिखित नयी उप-धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"(1क) उप-धारा (1) के अधीन समन किये गये समस्त व्यक्ति या तो व्यक्तिगत रूप से या किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होने के लिए आबद्धकर होंगे, जैसा कि ऐसा अधिकारी निदेश दे और इस प्रकार उपस्थित होने वाला व्यक्ति परीक्षा के दौरान सत्य बोलेगा या कथन करेगा या ऐसे दस्तावेज और अन्य वस्तुएं, जो अपेक्षित हों, प्रस्तुत करेगा।"।

24. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 73 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 73 में,-

(i) शीर्षक में, विद्यमान अभिव्यक्ति **"अन्य कारण से"** के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति **"असंदत्त या कम"** से पूर्व अभिव्यक्ति **"वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की कालावधि से संबंधित"** अंत:स्थापित की जायेगी;

(ii) विद्यमान उप-धारा (11) के पश्चात्, निम्नलिखित नयी उप-धारा जोड़ी जायेगी, अर्थात्:-

"(12) इस धारा के उपबंध वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की कालावधि से संबंधित कर के अवधारण के लिए लागू होंगे।"।

25. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 74 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 74 में,-

(i) शीर्षक में, विद्यमान अभिव्यक्ति **"छिपाने के कारण"** के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति **"असंदत्त या कम"** से पूर्व अभिव्यक्ति **"वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की कालावधि से संबंधित"** अंत:स्थापित की जायेगी;

(ii) विद्यमान उप-धारा (11) के पश्चात् और विद्यमान **स्पष्टीकरण 1.-** से पूर्व निम्नलिखित नयी उप-धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"(12) इस धारा के उपबंध वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की कालावधि से संबंधित कर के अवधारण के लिए लागू होंगे।";

(iii) विद्यमान **स्पष्टीकरण 2** हटाया जायेगा।

26. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 में धारा 74क का अंत:स्थापन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 74 के पश्चात् और विद्यमान धारा 75 से पूर्व, निम्नलिखित नयी धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"74क. वित्तीय वर्ष 2024-25 से आगे संबंधित किसी कारण से असंदत्त या कम संदत्त या त्रुटिवश प्रतिदत्त कर का अथवा गलत तरीके से उपभोग या उपयोग किये गये इनपुट कर प्रत्यय का अवधारण.- (1) जहां समुचित अधिकारी को यह प्रतीत होता है कि किसी कर का संदाय नहीं किया गया है या कम संदाय किया गया है या त्रुटिवश प्रतिदाय किया गया है या जहां इनपुट कर प्रत्यय गलत तरीके से लिया गया है या उपयोग किया गया है, तो वह ऐसे कर से प्रभार्य उस व्यक्ति को, जिसे इस प्रकार संदत्त नहीं किया गया है या जिसे इस प्रकार कम संदत्त किया गया है या जिस व्यक्ति को त्रुटिवश प्रतिदाय किया गया है,

या जिसने गलत तरीके से इनपुट कर प्रत्यय प्राप्त किया है या उपयोग किया है, उससे यह कारण बताने की अपेक्षा करते हुए कि क्यों न वह नोटिस में विनिर्दिष्ट रकम के साथ धारा 50 के अधीन उस पर संदेय ब्याज तथा इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अधीन उद्ग्रहणीय शास्ति का संदाय करे, नोटिस की तामील करेगा:

परन्तु कोई नोटिस जारी नहीं किया जायेगा, यदि किसी वित्तीय वर्ष में वह कर, जिसे संदत्त नहीं किया गया है या कम संदत्त किया गया है या त्रुटिवश प्रतिदाय किया गया है या गलत तरीके से इनपुट कर प्रत्यय लिया है या उपयोग किया है, एक हजार रुपए से कम है।

(2) समुचित अधिकारी उस वित्तीय वर्ष के लिए, जिसके लिए कर संदत्त नहीं किया गया है या कम संदत्त किया गया है या गलत तरीके से इनपुट कर प्रत्यय लिया है या उपयोग किया है, वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करने के लिए देय तारीख से बयालीस मास के भीतर या त्रुटिवश प्रतिदाय की तारीख से बयालीस मास के भीतर, उप-धारा (1) के अधीन नोटिस जारी करेगा।

(3) जहां उप-धारा (1) के अधीन किसी कालावधि के लिए नोटिस जारी किया गया है, वहां समुचित अधिकारी कर से प्रभार्य व्यक्ति पर, उप-धारा (1) के अधीन आने वाली कालावधियों से भिन्न ऐसी कर कालावधियों के लिए असंदत्त या कम संदत्त किये गये या त्रुटिवश प्रतिदाय किये गये कर अथवा गलत तरीके से लिये गये या उपयोग किये गये इनपुट कर प्रत्यय के ब्यौरे अंतर्विष्ट करते हुए एक कथन की तामील कर सकेगा ।

(4) ऐसे कथन की तामील, उप-धारा (1) के अधीन ऐसे व्यक्ति पर, इस शर्त के अधीन रहते हुए कि उप-धारा (1) के अंतर्गत आने वाली कालावधियों से भिन्न ऐसी कर कालावधियों के लिए अवलंब किये गये आधार पूर्ववर्ती नोटिस में उल्लिखित आधारों के समान ही हैं, नोटिस की तामील समझी जायेगी ।

(5) उस मामले में, जहां कर संदत्त नहीं किया गया है या कम संदत्त किया गया है या त्रुटिवश प्रतिदाय किया गया है अथवा जहां इनपुट कर प्रत्यय गलत तरीके से लिया गया है या उपयोग किया गया है, वहां शास्ति,-

(i) कर अपवंचन के लिए कपट या किसी जानबूझकर किये गये मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के कारणों से भिन्न, किसी कारण से, ऐसे व्यक्ति से शोध्य कर के दस प्रतिशत के समतुल्य या दस हजार रुपये, जो भी उच्चतर हो, होगी;

(ii) कर अपवंचन के लिए कपट या किसी जानबूझकर किये गये मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के लिए ऐसे व्यक्ति से शोध्य कर के समतुल्य होगी।

(6) समुचित अधिकारी कर से प्रभार्य किसी व्यक्ति द्वारा किये गये अभ्यावेदन यदि कोई हो, पर विचार करने के पश्चात्, ऐसे व्यक्ति से शोध्य कर, ब्याज और शास्ति की रकम अवधारित करेगा तथा आदेश जारी करेगा।

(7) समुचित अधिकारी उप-धारा (2) में विनिर्दिष्ट नोटिस जारी करने की तारीख से बारह मास के भीतर उप-धारा (6) के अधीन आदेश जारी करेगा:

परन्तु जहां समुचित अधिकारी विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर आदेश जारी करने में असमर्थ है, वहां आयुक्त या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत संयुक्त आयुक्त, राज्य कर की पंक्ति से अनिम्न पंक्ति वाले समुचित अधिकारी से पंक्ति में वरिष्ठ अधिकारी, उप-धारा (6) के अधीन आदेश जारी करने में विलंब के कारणों को अभिलिखित करके ध्यान में रखते हुए, विनिर्दिष्ट कालावधि के अवसान से पूर्व, उक्त कालावधि को अधिकतम छह मास की कालावधि तक और बढ़ा सकेगा।

(8) कर अपवंचन के लिए कपट या किसी जानबूझकर किये गये मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के कारणों से भिन्न किसी कारण के लिए, जहां कोई कर संदत्त नहीं किया गया है या कम संदत्त किया गया या त्रुटिवश प्रतिदत्त किया गया है अथवा जहां इनपुट कर प्रत्यय गलत तरीके से लिया गया या उपयोग किया गया है, वहां कर से प्रभार्य व्यक्ति,-

(i) उप-धारा (1) के अधीन नोटिस की तामील से पूर्व, ऐसे कर के स्वयं के अभिनिश्चय या समुचित अधिकारी द्वारा यथा अभिनिश्चित कर के आधार पर धारा 50 के अधीन संदेय ब्याज के साथ कर की रकम का संदाय कर सकेगा और ऐसे संदाय के बारे में लिखित में समुचित अधिकारी को सूचित कर सकेगा तथा समुचित अधिकारी ऐसी सूचना की प्राप्ति पर इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अधीन इस प्रकार संदत्त कर या संदेय किसी शास्ति के संबंध में उप-धारा (1) के अधीन किसी नोटिस या, यथास्थिति, उप-धारा (3) के अधीन कथन की तामील नहीं करेगा;

(ii) कारण बताओं नोटिस के जारी करने के साठ दिवस के भीतर धारा 50 के अधीन संदेय ब्याज सहित उक्त कर का संदाय कर सकेगा और ऐसा करने पर, कोई शास्ति संदेय नहीं होगी तथा उक्त नोटिस के संबंध में समस्त कार्यवाहियां पूरी हुई समझी जायेंगी।

(9) कर अपवंचन के लिए कपट या किसी जानबूझकर किये गये मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के कारण से, जहां कोई कर संदत्त नहीं किया गया है या कम संदत्त किया गया या त्रुटिवश प्रतिदाय किया गया है अथवा जहां इनपुट कर प्रत्यय गलत तरीके से लिया गया या उपयोग किया गया है, वहां कर से प्रभार्य व्यक्ति,-

(i) उप-धारा (1) के अधीन नोटिस की तामील से पूर्व, ऐसे कर के स्वयं के अभिनिश्चय या समुचित अधिकारी द्वारा यथा अभिनिश्चित कर के आधार पर धारा 50 के अधीन संदेय ब्याज के साथ कर की रकम और ऐसे कर के पन्द्रह प्रतिशत के समतुल्य शास्ति का संदाय कर सकेगा और ऐसे संदाय के बारे में लिखित में समुचित अधिकारी को सूचित कर सकेगा, तथा समुचित अधिकारी ऐसी सूचना की प्राप्ति पर, इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अधीन इस प्रकार संदत्त कर या संदेय किसी शास्ति के संबंध में, उप-धारा (1) के अधीन किसी नोटिस की तामील नहीं करेगा;

(ii) नोटिस जारी करने के साठ दिवस के भीतर धारा 50 के अधीन संदेय ब्याज और ऐसे कर के पच्चीस प्रतिशत के समतुल्य शास्ति के साथ उक्त कर का संदाय कर सकेगा और ऐसा करने पर, उक्त नोटिस के संबंध में सभी कार्यवाहियां पूरी हुई समझी जायेंगी;

(iii) आदेश की संसूचना के साठ दिवस के भीतर धारा 50 के अधीन संदेय ब्याज और ऐसे कर के पचास प्रतिशत के समतुल्य शास्ति के साथ उक्त कर का संदाय कर सकेगा, और ऐसा करने पर, उक्त नोटिस के संबंध में सभी कार्यवाहियां पूरी हुई समझी जायेंगी।

(10) जहां समुचित अधिकारी की यह राय है कि उप-धारा (8) के खण्ड (i) या उप-धारा (9) के खण्ड (i) के अधीन संदत रकम वास्तविक रूप से संदेय रकम से कम है, वहां वह ऐसी रकम के संबंध में, जो वास्तविक रूप से संदेय रकम से कम है, उप-धारा (1) में यथा उपबंधित नोटिस जारी करने के लिए अग्रसर होगा ।

(11) उप-धारा (8) के खण्ड (i) या खण्ड (ii) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उप-धारा (5) के खण्ड (i) के अधीन शास्ति वहां संदेय होगी, जहां स्व निर्धारित कर की कोई रकम या कर के रूप में संगृहीत कोई रकम ऐसे कर के संदाय की शोध्य तारीख से तीस दिवस की कालावधि के भीतर संदत्त नहीं की गयी है।

(12) इस धारा के उपबंध वित्तीय वर्ष 2024-25 से संबंधित कर के अवधारण के लिए लागू होंगे।

स्पष्टीकरण 1.- इस धारा के प्रयोजनों के लिए,-

(i) अभिव्यक्ति "उक्त नोटिस के संबंध में सभी कार्यवाहियां" के अंतर्गत धारा 132 के अधीन कार्यवाहियां सम्मिलित नहीं होंगी;

(ii) जहां नोटिस उन्हीं कार्यवाहियों के अधीन कर का संदाय करने के लिए दायी मुख्य व्यक्ति, और किन्हीं अन्य व्यक्तियों को जारी किया जाता है और ऐसी कार्यवाहियों को इस धारा के अधीन मुख्य व्यक्ति के विरुद्ध पूरा कर लिया गया है तो, धारा 122 और धारा 125 के अधीन शास्ति का संदाय करने के लिए दायी समस्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाहियों को पूरा कर लिया गया समझा जायेगा।

स्पष्टीकरण 2.- इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, अभिव्यक्ति "छिपाना" से ऐसे तथ्यों या जानकारी की घोषणा नहीं करना, जिसके द्वारा कराधेय व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है कि वह इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों के अधीन प्रस्तुत की गयी विवरणी, विवरण, रिपोर्ट या किसी अन्य दस्तावेज में समुचित अधिकारी द्वारा लिखित में घोषणा करे या पूछे जाने पर कोई जानकारी प्रस्तुत करने में विफलता की घोषणा करे, अभिप्रेत है।"।

27. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 75 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 75 में,-

(क) उप-धारा (1) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 74 की उप-धारा (2) और (10)" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "में विनिर्दिष्ट" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क की उप-धारा (2) और (7)" अंतःस्थापित की जायेगी;

(ख) विद्यमान उप-धारा (2) के पश्चात् और विद्यमान उप-धारा (3) से पूर्व, निम्नलिखित नयी उप-धारा अंतःस्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"(2क) जहां किसी अपील प्राधिकारी या अपील अधिकरण या न्यायालय का यह निष्कर्ष है कि धारा 74क की उप-धारा (5) के खण्ड (ii) के अधीन शास्ति, इस कारण से पोषणीय नहीं है कि कर अपवंचन के लिए कपट या जानबूझकर किये गये किसी मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के आरोप, उस व्यक्ति के विरुद्ध साबित नहीं होते हैं, जिसको नोटिस जारी किया गया था, ऐसे व्यक्ति द्वारा शास्ति का संदाय धारा 74क की उप-धारा (5) के खण्ड (i) के अधीन होगा।";

(ग) विद्यमान उप-धारा (10) के स्थान पर, निम्नलिखित उप-धारा प्रतिस्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"(10) न्यायनिर्णयन कार्यवाहियों को पूरा हुआ समझा जायेगा, यदि आदेश धारा 73 की उप-धारा (10) या धारा 74 की उप-धारा (10) या धारा 74क की उप-धारा (7) में विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर जारी नहीं किया जाता है।";

(घ) उप-धारा (11) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 74 की उप-धारा (10)" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "में निर्दिष्ट" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या धारा 74क की उप-धारा (7)" अंतःस्थापित की जायेगी;

(ङ) उप-धारा (12) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "में अंतर्विष्ट" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंतःस्थापित की जायेगी;

(च) उप-धारा (13) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंतःस्थापित की जायेगी।

28. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 104 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 104 की उप-धारा (1) के **स्पष्टीकरण** में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 74 की उप-धारा (2) और उप-धारा (10)" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "में विनिर्दिष्ट" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क की उप-धारा (2) और उप-धारा (7)" अंतःस्थापित की जायेगी।

29. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 107 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 107 में,-

(क) उप-धारा (6) के खण्ड (ख) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "पच्चीस करोड़ रुपए", के स्थान पर अभिव्यक्ति "बीस करोड़ रुपये" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ख) उप-धारा (11) के द्वितीय परन्तुक में, विद्यमान अभिव्यक्ति "धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "के अधीन" से पूर्व अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंतःस्थापित की जायेगी।

30. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 109 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 109 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "करने के लिए," के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "अपील अधिकरण" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या यदि उक्त धारा के अधीन ऐसा अधिसूचित किया जाता है, तो धारा 171 की उप-धारा (2) में निर्दिष्ट ऐसे मामलों के परीक्षण करने या न्यायनिर्णयन के लिए," अंतःस्थापित की जायेगी।

31. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 112 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा **112** में,-

(क) 1 अगस्त, 2024 से प्रभावी करते हुए, उप-धारा (1) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "तीन मास के भीतर" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "कर सकेगा" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या वह तारीख, जो इस अधिनियम के अधीन अपील अधिकरण के समक्ष अपील फाइल करने के लिए, परिषद् की सिफारिशों पर, सरकार द्वारा अधिसूचित की जाये, जो भी पश्चात्वर्ती हो" अंतःस्थापित की जायेगी;

(ख) 1 अगस्त, 2024 से प्रभावी करते हुए, उप-धारा (3) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "छह मास में" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "अपील अधिकरण" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या वह तारीख, जो इस अधिनियम के अधीन अपील अधिकरण के समक्ष आवेदन फाइल करने के प्रयोजन के लिए, परिषद् की सिफारिशों पर, सरकार द्वारा अधिसूचित की जाए, जो भी पश्चात्वर्ती हो" अंतःस्थापित की जायेगी;

(ग) उप-धारा (6) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "अपील स्वीकार कर सकेगा" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "या उप-धारा (5)" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या उप-धारा (3) में निर्दिष्ट कालावधि की समाप्ति के पश्चात् तीन मास के भीतर आवेदन फाइल करना अनुज्ञात कर सकेगा" अंतःस्थापित की जायेगी;

(घ) उप-धारा (8) के खण्ड (ख) में,-

(i) विद्यमान अभिव्यक्ति "बीस प्रतिशत" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "दस प्रतिशत" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) विद्यमान अभिव्यक्ति "पचास करोड़ रूपए" के स्थान पर, अभिव्यक्ति "बीस करोड़ रूपये" प्रतिस्थापित की जायेगी।

32. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 122 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 122 की उप-धारा (1ख) में, 1 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी करते हुए, विद्यमान अभिव्यक्ति "कोई इलेक्ट्रानिक वाणिज्य प्रचालक, जो-" के स्थान पर अभिव्यक्ति "कोई इलेक्ट्रानिक वाणिज्य प्रचालक, जो धारा 52 के अधीन स्रोत पर कर संग्रहण के लिए दायी है-" प्रतिस्थापित की जायेगी।

33. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 127 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 127 में, विद्यमान अभिव्यक्ति "या धारा 74" के पश्चात् और विद्यमान अभिव्यक्ति "या धारा 129" से पूर्व, अभिव्यक्ति "या धारा 74क" अंतःस्थापित की जायेगी।

34. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 में नयी धारा 128क का अंत:स्थापन.- मूल अधिनियम की विद्यमान धारा 128 के पश्चात् और विद्यमान धारा 129 से पूर्व, निम्नलिखित नयी धारा अंत:स्थापित की जायेगी, अर्थात्:-

"128क. कतिपय कर कालावधियों के लिए, धारा 73 के अधीन की गयी मांगों से संबंधित ब्याज या शास्ति या दोनों का अधित्यजन.- (1) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, जहां कर से प्रभार्य किसी व्यक्ति द्वारा, निम्नलिखित के अनुसार कर की कोई रकम संदेय है,-

(क) धारा 73 की उप-धारा (1) के अधीन जारी नोटिस या धारा 73 की उप-धारा (3) के अधीन जारी कथन, और जहां धारा 73 की उप-धारा (9) के अधीन कोई आदेश जारी नहीं किया गया है; या

(ख) धारा 73 की उप-धारा (9) के अधीन पारित आदेश, और जहां धारा 107 की उप-धारा (11) या धारा 108 की उप-धारा (1) के अधीन कोई आदेश पारित नहीं किया गया है; या

(ग) धारा 107 की उप-धारा (11) या धारा 108 की उप-धारा (1) के अधीन पारित आदेश, और जहां धारा 113 की उप-धारा (1) के अधीन कोई आदेश पारित नहीं किया गया है,

1 जुलाई, 2017 से 31 मार्च, 2020 की कालावधि, या उसके किसी भाग से संबंधित है, और उक्त व्यक्ति, परिषद् की सिफारिशों पर सरकार द्वारा अधिसूचित की जाने वाली तारीख को या उससे पूर्व, यथास्थिति, खण्ड (क), खण्ड (ख) या खण्ड (ग) में निर्दिष्ट नोटिस या कथन या आदेश के अनुसार संदेय कर की पूरी रकम का संदाय करता है, तो धारा 50 के अधीन कोई ब्याज और इस अधिनियम के अधीन कोई शास्ति संदेय नहीं होगी और, यथास्थिति, उक्त नोटिस या आदेश या कथन के संबंध में सभी कार्यवाहियां ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित की जायें, समाप्त हुई समझी जायेंगी:

परन्तु जहां धारा 74 की उप-धारा (1) के अधीन कोई नोटिस जारी किया गया है और धारा 75 की उप-धारा (2) के उपबंधों के अनुसार अपील प्राधिकारी या अपील अधिकरण या न्यायालय के निदेश के अनुसरण में, समुचित अधिकारी, द्वारा कोई आदेश पारित किया जाता है या पारित किया जाना अपेक्षित है तो, यथास्थिति, उक्त नोटिस या आदेश को, इस उप-धारा के खण्ड (क) या खण्ड (ख) में निर्दिष्ट नोटिस या आदेश माना जायेगा:

परन्तु यह और कि उन मामलों में, जहां धारा 107 की उप-धारा (3) या धारा 112 की उप-धारा (3) के अधीन आवेदन किया जाता है या धारा 117 की उप-धारा (1) के अधीन या धारा 118 की उप-धारा (1) के अधीन राज्य कर के किसी अधिकारी द्वारा अपील फाइल की जाती है या जहां खण्ड (ख) या खण्ड (ग) में निर्दिष्ट आदेश के विरुद्ध या पहले परन्तुक में निर्दिष्ट अपील प्राधिकारी या अपील अधिकरण या न्यायालय के निदेशों के विरुद्ध धारा 108 की उप-धारा (1) के अधीन कोई कार्यवाहियां आरंभ की जाती है, वहां इस उप-धारा के अधीन कार्यवाहियों की समाप्ति इस शर्त के अध्यधीन होगी कि उक्त व्यक्ति उक्त आदेश की तारीख से तीन मास के भीतर, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी या

अपील अधिकरण या न्यायालय या पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेश के अनुसार संदेय कर की अतिरिक्त रकम, यदि कोई हो, का संदाय करता है:

परन्तु यह भी कि जहां ऐसी ब्याज और शास्ति पहले ही संदत्त कर दी गयी है, उसका कोई प्रतिदाय उपलब्ध नहीं होगा।

(2) उप-धारा (1) में अंतर्विष्ट कोई बात, त्रुटिवश प्रतिदाय के मद्दे किसी व्यक्ति के द्वारा संदेय किसी रकम के संबंध में लागू नहीं होगी।

(3) उप-धारा (1) में अंतर्विष्ट कोई बात, उन मामलों के संबंध में लागू नहीं होगी, जहां, यथास्थिति, अपील प्राधिकारी या अपील अधिकरण या न्यायालय के समक्ष उक्त व्यक्ति द्वारा फाइल की गयी कोई अपील या रिट याचिका लंबित है, और उक्त व्यक्ति द्वारा उप-धारा (1) के अधीन अधिसूचित तारीख को या उसके पूर्व वापस नहीं ली गयी है।

(4) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां उप-धारा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट कोई रकम संदत्त की गयी है और उक्त उप-धारा के अधीन कार्यवाहियां समाप्त हुई समझी जाती हैं, वहां धारा 107 की उप-धारा (1) या धारा 112 की उप-धारा (1) के अधीन कोई अपील, यथास्थिति, उप-धारा (1) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) में निर्दिष्ट किसी आदेश के विरुद्ध नहीं होगी।"।

35. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की धारा 171 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 171 की उप-धारा (2) में,-

(क) अंत में विद्यमान विराम चिह्न "।" के स्थान पर, विराम चिह्न ":" प्रतिस्थापित किया जायेगा;

(ख) इस प्रकार संशोधित उप-धारा (2) के पश्चात्, निम्नलिखित नया परन्तुक और स्पष्टीकरण अंत:स्थापित किये जायेंगे, अर्थात्:-

"परन्तु सरकार, परिषद् की सिफारिशों पर, अधिसूचना द्वारा, उस तारीख को विनिर्दिष्ट कर सकेगी, जिससे उक्त प्राधिकारी इस बारे में परीक्षा के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं करेगा कि क्या किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा प्राप्त किये गये इनपुट कर प्रत्ययों या कर की दर में कमी वास्तव में उसके द्वारा प्रदाय किये गये माल या सेवाओं या दोनों की कीमत में आनुपातिक कमी के समरूप है।

स्पष्टीकरण 1.- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए, "परीक्षा के लिए अनुरोध" से, इस बारे में कि क्या किसी रजिस्ट्रीकृत व्यक्ति द्वारा लिये गये इनपुट कर प्रत्ययों या कर की दर में कमी से वास्तव में उसके द्वारा प्रदाय किये गये माल या सेवाओं या दोनों की कीमत में आनुपातिक कमी हुई है, परीक्षा का अनुरोध करने के लिए आवेदक द्वारा फाइल किया गया लिखित आवेदन अभिप्रेत है।

स्पष्टीकरण 2.- इस धारा के प्रयोजनों के लिए, पद "प्राधिकारी" के अंतर्गत "अपील अधिकरण" सम्मिलित होगा।"।

36. 2017 के राजस्थान अधिनियम सं. 9 की अनुसूची 3 का संशोधन.- मूल अधिनियम की अनुसूची 3 में, पैरा 8 के पश्चात् और **स्पष्टीकरण 1** से पूर्व, निम्नलिखित नये पैरा अंत:स्थापित किये जायेंगे, अर्थात्:-

"9. इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए कि मुख्य बीमाकर्ता, बीमा किये गये व्यक्ति द्वारा संदत्त प्रीमियम की संपूर्ण रकम पर केंद्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्यक्षेत्र कर और एकीकृत कर का संदाय करता है, सह बीमा करारों में बीमा किये गये व्यक्ति को मुख्य बीमाकर्ता और सह-बीमाकर्ता द्वारा संयुक्त रूप से प्रदाय की गयी बीमा सेवाओं के लिए मुख्य बीमाकर्ता द्वारा सह-बीमाकर्ता को सह-बीमा प्रीमियम के प्रभाजन का क्रियाकलाप।

10. इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए कि पुन:बीमाकर्ता बीमा किये गये व्यक्ति द्वारा उक्त अध्यर्पित कमीशन या पुन:बीमा कमीशन सहित संदत्त पुन:बीमा प्रीमियम की संपूर्ण रकम पर केंन्द्रीय कर, राज्य कर, संघ राज्यक्षेत्र कर और एकीकृत कर का संदाय करता है, बीमाकर्ता द्वारा पुन:बीमाकर्ता को सेवाएं, जिनके लिए अध्यर्पित कमीशन या पुन:बीमा कमीशन, पुन:बीमाकर्ता को बीमाकर्ता द्वारा संदत्त पुन:बीमा प्रीमियम से, कटौती किया जाता है।"।

37. संदत्त करों या प्रतिलोम इनपुट कर प्रत्यय का कोई प्रतिदाय न किया जाना.- उन सभी संदत्त करों या प्रतिलोम इनपुट कर प्रत्यय का कोई भी प्रतिदाय नहीं किया जायेगा, जिनका इस प्रकार संदाय या प्रतिलोम नहीं किया गया होता, यदि धारा 6 सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त होती।

38. निरसन और व्यावृत्तियां.- (1) राजस्थान माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2024 (2024 का अध्यादेश सं. 1) इसके द्वारा निरसित किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, उक्त अध्यादेश के अधीन की गई समस्त बातें, की गयी कार्रवाइयां या किये गये आदेश इस अधिनियम के अधीन किये गये समझे जायेंगे।

ब्रजेन्द्र जैन,
प्रमुख शासन सचिव।

LAW (LEGISLATIVE DRAFTING) DEPARTMENT
(GROUP-II)

NOTIFICATION

Jaipur, March 27, 2025

No. F. 2(8)Vidhi/2/2025.- In pursuance of Clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to authorise the publication in the Rajasthan Gazette of the following translation in the English language of the Rajasthan Maal aur Seva Kar (Sanshodhan) Adhiniyam, 2025 (2025 Ka Adhiniyam Sankhyank 4):-

(Authorised English Translation)

THE RAJASTHAN GOODS AND SERVICES TAX (AMENDMENT) ACT, 2025

(Act No. 4 of 2025)

(Received the assent of the Governor on the 25th day of March, 2025)

An
Act

further to amend the Rajasthan Goods and Services Tax Act, 2017.

Be it enacted by the Rajasthan State Legislature in the Seventy-sixth Year of the Republic of India, as follows:-

1. Short title and commencement.- (1) This Act may be called the Rajasthan Goods and Services Tax (Amendment) Act, 2025.

(2) Sections 6, 30, 35 and 37 of this Act shall be deemed to have come into force on and from 27th day of September, 2024 and the remaining sections shall be deemed to have come into force on and from 1st day of November, 2024.

2. Amendment of section 9, Rajasthan Act No. 9 of 2017.- In sub-section (1) of section 9 of the Rajasthan Goods and Services Tax Act, 2017 (Act No. 9 of 2017), hereinafter referred to as the principal Act, after the existing expression "alcoholic liquor for human consumption" and before the existing expression ", on the value", the expression "and un-denatured extra neutral alcohol or rectified spirit used for manufacture of alcoholic liquor, for human consumption" shall be inserted.

3. Amendment of section 10, Rajasthan Act No. 9 of 2017.- In sub-section (5) of section 10 of the principal Act, after the existing expression "section 73 or section 74" and before the existing expression " shall, *mutatis mutandis*", the expression "or section 74A" shall be inserted.

4. Insertion of new section 11A, Rajasthan Act No. 9 of 2017.- After the existing section 11 of the principal Act, the following new section shall be inserted, namely:-

"11A. Power not to recover Goods and Services Tax not levied or short-levied as a result of general practice.- Notwithstanding anything contained in this Act, if the Government is satisfied that-

(a) a practice was, or is, generally prevalent regarding levy of state tax (including non-levy thereof) on any supply of goods or services or both; and

(b) such supplies were, or are, liable to,-

(i) state tax, in cases where according to the said practice, state tax was not, or is not being, levied, or

(ii) a higher amount of state tax than what was, or is being, levied, in accordance with the said practice,

the Government may, on the recommendation of the Council, by notification in the Official Gazette, direct that the whole of the state tax payable on such supplies, or, as

the case may be, the state tax in excess of that payable on such supplies, but for the said practice, shall not be required to be paid in respect of the supplies on which the state tax was not, or is not being levied, or was, or is being, short-levied, in accordance with the said practice.".

